राजस्थान सरकार
निदेशालय कोष एवं लेखा राजस्थान, जयपुर
"वित्त भवन" जनपथ, जयपुर–302015
(दूरभाष 0141–2740735, फैक्स 0141–2742309, ई–मेल jdp-ta-rj@nic.in)

क्रमांकः– एफ. 3(ख)/(एस–405/94) अलेसे–II/ 2332 दिनांकः– 24.1.18

वित्तीय सलाहकार,
माध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान, बीकानेर।

विषयः– श्री शरद वर्मा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II को निदेशालय स्तर पर सम्मानित करने बाबत्।

प्रसंगः– आपका पत्र क्रमांक शिविरा/ माध्य/ मूलेअ/ संस्था/ विविध/ 31323/ 2016–17 दिनांक 28.11.2017

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के क्रम में लेख है कि श्री शरद वर्मा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II जो आपके कार्यालय में कार्यरत हैं। इनके द्वारा ऑडिट अनुभाग प्रभारी के रूप में उल्लेखनीय कार्य करने पर आपके द्वारा निदेशालय स्तर पर सम्मानित किए जाने हेतु अभिशंषा प्रेषित की गई। निदेशालय कोष एवं लेखा स्तर से अधीनस्थ लेखा सेवा के कार्मिकों को सम्मानित करने की कोई प्रक्रिया नहीं है। श्री वर्मा को निदेशालय माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर के स्तर से सम्मानित किया जाता है तो श्री वर्मा के विरूद्ध आदिनांक तक कोई विभागीय जांच विचाराधीन/प्रस्तावित नहीं है। श्री वर्मा के आदिनांक तक समस्त वार्षिक मूल्यांकन प्रतिवेदन प्राप्त है। प्राप्त वार्षिक मूल्यांकन प्रतिवेदनों में कोई प्रतिकूल प्रविष्टि/टिप्पणी अंकित नहीं है। अतः यदि आपके स्तर से नियमानुसार सम्मानित करने की कोई व्यवस्था/प्रक्रिया अनुमत हो तो तदनुसार आपके स्तर से ही विचार करने का श्रम करें।

भवदीय,

(अरविन्द दीवान)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–II)

D:\sas-ii\seema ji/Simple Leeter